भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †2228**

उत्तर देने की तारीख - 12/02/2026

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य**

†2228. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त अभियान के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में पचास बिस्तरों वाले छात्रावास भवन को मंजूरी दी है;

(ग) यदि हां, तो किन-किन गांवों और मंडलों में उक्त छात्रावास का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है और इससे कितने जनजातीय छात्रों के लाभान्वित होने की संभावना है;

(घ) उक्त छात्रावास के लिए 7,540 लाख रुपए के कुल परिव्यय में से कितनी राशि स्वीकृत, जारी और खर्च की गई है; और

(ङ.) उक्त छात्रावास के शुरू होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क):** माननीय प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का शुभारंभ किया। इस अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 5 वर्षों में 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 63,843 गांवों में अवसंरचना संबंधी अंतरों को पूरा करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच और आजीविका के अवसर प्रदान करना है।

इस अभियान का कुल बजटीय परिव्यय 79,156 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्साः 56,333 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्साः 22,823 करोड़ रुपये) है। प्रत्येक संबंधित मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वह उसे सौंपे गए उपाय को क्रियान्वित (लागू) करने के लिए जिम्मेदार है। अभियान का उद्देश्य अभिसरण और पहुंच (आउटरीच) के माध्यम से संतृप्ति है।

**(ख) और (ग):** अभियान के तहत, जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) ने एपीटीडब्ल्यू आवासीय विद्यालय, कवाली, जिला नेल्लोर, आंध्र प्रदेश में अजजा छात्रों के लिए 60 बिस्तरों वाले छात्रावास भवन की एक इकाई को संस्वीकृति दी है।

**(घ):** इस कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया जाता है और उन्हें अनुमोदित किया जाता है। तदनुसार, नेल्लोर जिले में छात्रावास सहित 7539.13 लाख रुपये के कुल परिव्यय पर आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 31 छात्रावासों को अनुमोदन दिया गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा छात्रावासों के निर्माण के उद्देश्य से जारी की गई निधि की स्थिति निम्नानुसार हैः

| **राज्य** | **उपाय** | **पीएसी द्वारा अनुमोदित राशि (लाख में)** | **एसएनए 2024-25 में जारी की गई निधियां (लाख में)** | **एसएनए 2025-26 में जारी की गई निधियां (लाख में)** | **एसएनए स्पर्श-2025-26 के माध्यम से मूल संस्वीकृति (लाख में)** | **जारी की गई कुल निधि (लाख में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | छात्रावास भवन का निर्माण | 7539.13 | -- | 404.25 | 1288.075 | 1692.33 |

**(ङ):** आंध्र प्रदेश से प्राप्त सूचना के अनुसार, उक्त छात्रावासों के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है।

*****